# UKPSC
# EO & TRI

**Previous Year Paper**
**(General Hindi)**
**26 Nov, 2023**

पेपर सील खोले बगैर इस तरफ से उत्तर शीट को बाहर निकालें ।

**Without opening the Paper seal take out Answer Sheet from this side.**

**परीक्षा का वर्ष : 2023**

# EOE-I

**प्रश्न-पुस्तिका**

**अपना अनुक्रमांक सामने अंकों में बॉक्स के अन्दर लिखें**

**शब्दों में**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

**प्रश्न-पुस्तिका शृंखला**

**A**

## प्रश्नपत्र – I

## सामान्य हिन्दी

## General Hindi

**समय : 02:00 घंटे** **Time : 02:00 Hours**

**पूर्णांक : 100** **Maximum Marks : 100**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें ।**

### महत्त्वपूर्ण निर्देश

1. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर अनुक्रमांक के अतिरिक्त कुछ न लिखें ।
2. **अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक, विषय-कोड एवं प्रश्न-पुस्तिका की सीरीज का अंकन OMR Sheet में निर्दिष्ट कॉलम में सही-सही करें, अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ।**
3. **अभ्यर्थी रफ कार्य हेतु प्रश्न-पुस्तिका (बुकलेट) के अन्त में दिये गये पृष्ठों का ही केवल उपयोग करें । अलग से इस हेतु वर्किंग शीट उपलब्ध नहीं करायी जायेगी । अभ्यर्थी प्रश्न-पुस्तिका के अंदर रफ कार्य के अतिरिक्त कुछ भी न लिखें ।**
4. इस प्रश्न-पुस्तिका में **100 प्रश्न (वस्तुनिष्ठ प्रकार)** हैं । प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर, प्रश्न के नीचे (a), (b), (c) एवं (d) दिये गये हैं । इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है । जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. आंसर शीट) में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन से पूरा काला/नीला कर दें ।**
5. प्रश्न–पुस्तिका में अंकित सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और प्रत्येक प्रश्न के समान अंक हैं । आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक दिये जायेंगे ।
6. आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली वस्तुनिष्ठ प्रकृति की परीक्षाओं में ऋणात्मक मूल्यांकन (Negative Marking) पद्धति अपनायी जायेगी । अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न हेतु दिए गए गलत उत्तर के लिए या अभ्यर्थी द्वारा एक प्रश्न के एक से अधिक उत्तर देने के लिए (चाहे दिए गए उत्तर में से एक सही ही क्यों न हो), उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों का **एक-चौथाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा । दण्ड स्वरूप प्राप्त अंकों के योग को कुल प्राप्तांक में से घटाया जाएगा ।
7. अपने उत्तर आपको अलग से दिये गये ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में अंकित करने हैं । **आपके द्वारा सभी उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर ही दिया जाना अनिवार्य है ।** ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के अतिरिक्त अन्य कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा ।
8. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर कुछ लिखने के पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में वांछित सूचनाओं को अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व भरा जाना अनिवार्य है ।
9. **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक तीन प्रतियों (मूल प्रति, कार्यालय प्रति एवं अभ्यर्थी प्रति) में है । परीक्षा समाप्ति के उपरान्त अभ्यर्थी ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की मूल प्रति एवं कार्यालय प्रति अन्तरीक्षक (Invigilator) को हस्तगत करने के उपरान्त ही कक्ष छोड़े, अन्यथा की स्थिति में आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की अभ्यर्थी प्रति, अभ्यर्थी अपने साथ ले जा सकते हैं ।**
10. यदि आपने इन अनुदेशों को पढ़ लिया है, इस पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अंकित कर दिया है और ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर वांछित सूचनायें भर दी हैं, तो तब तक प्रतीक्षा करें, जब तक आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाता ।
11. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) का मूल्यांकन ओ.एम.आर. आंसर शीट पर अभ्यर्थी द्वारा अंकित सीरीज कोड (A, B, C, D) के आधार पर ही किया जायेगा ।
12. प्रश्न-पुस्तिका (Question Booklet) में से ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) निकालने के पश्चात् ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका क्रमांक एवं प्रश्न-पुस्तिका के सीरीज कोड (A, B, C, D) की प्रविष्टि सावधानीपूर्वक करें । यदि उक्तानुसार कार्यवाही नहीं की जाती है, तो उसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा ।

**जब तक कहा न जाय इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें ।**

महत्त्वपूर्ण : **प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर तुरन्त जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न-पुस्तिका सीलबंद न हो अथवा कोई अन्य कमी हो, तो अन्तरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें ।**

1. इनमें से तत्सम शब्द नहीं है :

(a) खल (b) भिक्षा (c) मक्खी (d) कठिन

2. तत्सम शब्द 'वत्स' का इनमें से कौन सा तद्भव–रूप सही नहीं है ?

(a) बाखर (b) बछड़ा (c) बाछा (d) बच्चा

3. इनमें से विदेशी शब्द है :

(a) खीर (b) चूल्हा (c) कुश्ती (d) तीता

4. निम्नलिखित में से कौन सा एक आगत (विदेशी) शब्द नहीं है ?

(a) कुरता (b) फ़ीता (c) थैला (d) गरीब

5. इनमें से कौन सा शब्द देशज नहीं है ?

(a) मदद (b) अक्खड़ (c) अचानक (d) चकमा

6. 'परिकूट' का तद्भव–रूप है

(a) परगट (b) परकटा (c) परकोटा (d) परकट

7. इनमें से 'देशज' शब्द है :

(a) आग (b) तेंदुआ (c) आम्र (d) चौदह

8. चे + अन = चयन में कौन सी सन्धि है ?

(a) अयादि सन्धि (b) गुण सन्धि (c) वृद्धि सन्धि (d) दीर्घ सन्धि

9. 'आजन्म' में समास है

(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष (c) कर्मधारय (d) बहुव्रीहि

10. 'प्रत्यक्ष' शब्द में उपसर्ग है

(a) प्र (b) परि (c) प्रति (d) परा

11. 'हिन्दीतर' में प्रयुक्त प्रत्यय है

(a) तर (b) ईतर (c) अर (d) इतर

12. जिस समास में अंतिम पद प्रधान होता है, उसे कहते हैं

(a) बहुव्रीहि समास (b) द्वंद्व समास (c) तत्पुरुष समास (d) अव्ययीभाव समास

13. 'उच्चारण' शब्द का संधि–विच्छेद है

(a) उच + चारण (b) उच + आरण (c) उत् + चारण (d) उ + चारण

14. निम्नलिखित में से किस शब्द में 'आप' प्रत्यय का योग हुआ है ?

(a) पाप (b) शाप (c) नाप (d) मिलाप

15. किस एक शब्द में प्रत्यय का अशुद्ध प्रयोग हुआ है ?

(a) बुद्धिमती (b) आयुष्मती (c) बलमती (d) श्रीमती

16. 'तत्पुरुष' समास से सम्बन्धित शब्द नहीं है

(a) पराधीन (b) सेनानायक (c) प्रतिमान (d) लक्ष्मीपति

17. 'स्वागत' शब्द में कौन सा उपसर्ग है ?

(a) स्व (b) सु (c) स्वा (d) स

18. इनमें से कौन सा शब्द तत्सम नहीं है ?

(a) माता (b) अक्षर (c) चरण (d) गयन्द

**19.** ‘द्रौपदी’ का पर्यायवाची नहीं है

(a) सुभद्रा (b) पांचाली (c) कृष्णा (d) याज्ञसेनी

**20.** इनमें से ‘दर्पण’ का पर्यायवाची शब्द नहीं है :

(a) मुकुर (b) दामिनी (c) आरसी (d) आईना

**21.** ‘ज्वार’ का विलोम शब्द है

(a) बाजरा (b) मँडुआ (c) राई (d) भाटा

**22.** ‘निकम्मा’ शब्द का विपरीतार्थक शब्द है

(a) अकर्मण्य (b) कर्मठ (c) आलसी (d) निठल्ला

**23.** इनमें से ‘शिव’ का पर्यायवाची शब्द है :

(a) राजराज (b) गुडाकेश (c) कुमार (d) अद्रिजा

**24.** इनमें से ‘ऐहिक’ का विलोम शब्द है :

(a) दैहिक (b) लौकिक (c) भौतिक (d) पारलौकिक

**25.** ‘वृक्ष’ का पर्यायवाची शब्द नहीं है

(a) द्रुम (b) विटप (c) अगम (d) तड़ाग

**26.** इनमें से ‘स्तुति’ का विलोम शब्द है :

(a) निन्दा (b) घृणा (c) क्रोध (d) विस्मृति

**27.** ‘परा’ का विलोम शब्द है

(a) निपरा (b) सूपरा (c) विपरा (d) अपरा

**28.** अनेकार्थक शब्द ‘अक्षर’ का इनमें से एक अर्थ नहीं है, वह है :

(a) जल (b) हनुमान (c) शिव (d) मोक्ष

**29.** अनेकार्थक शब्द ‘हरि’ का इनमें से एक अर्थ है :

(a) समुद्र (b) अग्नि (c) प्राण (d) इन्द्रधनुष

**30.** निम्नलिखित में श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द-युग्म नहीं है :

(a) आमोद-प्रमोद (b) अमूल-अमूल्य (c) अयुक्त-आयुक्त (d) अरि-अरी

**31.** ‘निर्माण-निर्वाण’-श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्दों का अर्थ है

(a) बनाना-मोक्ष (b) रचना-खोना (c) गतिहीन-अमर (d) गतिशील-स्थिर

**32.** ‘अतल’ का सर्वाधिक उपयुक्त श्रुतिसम भिन्नार्थी शब्द है

(a) अक्ल (b) अतन (c) अतुल (d) अचल

**33.** ‘नाग’ शब्द से निम्नलिखित में से कौन सा अर्थ द्योतित नहीं होता ?

(a) हाथी (b) राँगा (c) संख्या (d) बादल

**34.** इनमें से कौन सा शब्द ‘जलज’ का समानार्थी है ?

(a) हाथी (b) पक्षी (c) कुशेशय (d) रंग

**35.** ‘पतंग’ शब्द निम्नलिखित में से किसके अर्थ का द्योतक नहीं है ?

(a) सूर्य (b) सर्प (c) पक्षी (d) टिड्डी

**36.** ‘सर्प’ का पर्यायवाची शब्द नहीं है

(a) रासभ (b) उरग (c) पन्नग (d) व्याल

**37.** ‘निशाचर’ का अर्थ समाहित नहीं है

(a) राक्षस में (b) प्रेत में (c) चोर में (d) निशान में

**38.** ‘क्षण भर में नष्ट होने वाला’ वाक्यांश के लिए एक उपयुक्त शब्द है :

(a) नश्वर (b) क्षम्य (c) क्षणभंगुर (d) क्षणातीत

**39.** ‘जिस स्त्री को उसके पति ने छोड़ दिया हो’ – इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है :

(a) प्रोषितपतिका (b) खण्डिता (c) परित्यक्ता (d) विधवा

**40.** ‘किसी को जीतने की चाह’ – इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है :

(a) जिजीविषा (b) जिगीषा (c) जितेन्द्रिय (d) जिजीविषु

**41.** ‘बिना बुलाये आया हुआ व्यक्ति’ – इस वाक्यांश के लिए इनमें से सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है :

(a) आमंत्रित (b) निमंत्रित (c) अनाहूत (d) आहूत

**42.** ‘रात और सन्ध्या के बीच की बेला’ – इस वाक्यांश के लिए इनमें से एक शब्द है :

(a) ‘गोधूलि’ (b) ‘विहान’ (c) ‘निशीथ’ (d) ‘ध्वान्त’

**43.** वर्तनी की दृष्टि से इनमें से कौन सा शब्द शुद्ध है ?

(a) औज (b) अलौकिक (c) ऐषणा (d) सिन्दुर

**44.** इनमें से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है :

(a) कृशांगी (b) तिथी (c) निरोग (d) पत्नि

**45.** वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है :

(a) गुरू (b) ऐतिहासिक (c) कृप्या (d) मिष्ठान्न

**46.** इनमें से वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द है :

(a) आदृत (b) त्रिकोण (c) उरिण (d) दृश्य

**47.** इनमें से शुद्ध वाक्य है :

(a) प्रेम करना तलवार की नोक पर चलना है ।
(b) सभी सदस्य अपनी राय दें ।
(c) छात्रों ने अपनी हिम्मत नहीं हारी ।
(d) वह बीस दिन तक भूखा रहा ।

**48.** निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है :

(a) वे बड़े सज्जन व्यक्ति हैं ।
(b) वह घोड़े में सवार था ।
(c) अनेक बार देख चुका हूँ ।
(d) तुम्हारे से कोई काम नहीं हो सकता ।

**49.** इनमें से अशुद्ध वाक्य कौन सा है ?

(a) निराशा की किरणें छायी हुई हैं ।
(b) मैने सौ रुपये का टिकट खरीदा ।
(c) श्रीराम सिंह मेरे पिता हैं ।
(d) उसने मोती का एक हार खरीदा ।

**50.** इनमें से अशुद्ध वाक्य कौन सा है ?

(a) पद्य के चौथाई भाग को चरण कहते हैं ।
(b) वीरता मनुष्य का गुण है ।
(c) वह स्त्री अपराधी है ।
(d) वह नगर दर्शनीय है ।

**51.** इनमें से किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है ?

(a) वरण (b) त्योहार (c) परीक्षा (d) सम्राट

**52.** निम्नलिखित में से किस शब्द में ‘मुद्रा’ का अर्थ समाहित नहीं है ?

(a) सिक्का (b) मदिरा (c) मोहर (d) चिह्न

53. 'चट मँगनी पट ब्याह' लोकोक्ति से तात्पर्य है
(a) शीघ्र विवाह होना ।
(b) मँगनी और विवाह एक साथ होना ।
(c) मँगनी के बाद विवाह न हो पाना ।
(d) तत्काल कार्य होना ।

54. 'ऊधो का लेना न माधो का देना' इस लोकोक्ति का सही अर्थ है :
(a) लेन-देन न करना ।
(b) किसी से कोई मतलब न रखना ।
(c) कंजूस व्यक्ति ।
(d) किसी से उधार न लेना ।

55. 'एक आँख से देखना' मुहावरे का सही अर्थ है
(a) दृष्टि-दोष होना (b) बुरी नज़र से देखना (c) भेद-भाव करना (d) सबको समान मानना

56. 'बगुला भगत होना' इस मुहावरे का सही अर्थ है :
(a) चापलूस व्यक्ति (b) स्वार्थ सिद्ध करना (c) पाखंडी होना (d) ध्यानस्थ व्यक्ति

57. 'आँख के अंधे गाँठ के पूरे' लोकोक्ति का अर्थ है
(a) मूर्ख व्यक्ति (b) अंधा व्यक्ति (c) धनवान (d) मूर्ख धनवान

58. सही विकल्प का चयन करके अधूरी लोकोक्ति को पूरा कीजिए ।
'जहाँ देखी तवा परात, ................'
(a) वहीं गुजारी सारी रात ।
(b) वहीं पकाया दाल-भात ।
(c) वहीं जमा दी सारी बारात ।
(d) जीमन लागी सारी बारात ।

59. 'पट्टी पढ़ाना' मुहावरे का अर्थ है
(a) शिक्षा देना (b) बुरी राय देना (c) किताब देना (d) लकड़ी से पढ़ाना

60. 'कुआँ खोदना' मुहावरे का इनमें से सर्वाधिक उपयुक्त अर्थ है :
(a) कठिन परिश्रम करना
(b) शक्ति का प्रदर्शन करना
(c) हानि पहुँचाने का यत्न करना
(d) संकट मोल लेना

61. 'तीन लोक से मथुरा न्यारी' लोकोक्ति का सही अर्थ है
(a) मथुरा लोक-प्रसिद्ध नगरी है ।
(b) उत्तम वस्तु ।
(c) सबसे निराला ।
(d) मथुरा का धार्मिक महत्त्व ।

62. 'आधा तीतर आधा बटेर' लोकोक्ति का अर्थ है
(a) गुण-दोष का मिलान ।
(b) आधा काम करना ।
(c) मौज मस्ती का जीवन ।
(d) अनमेल वस्तुओं का मिश्रण ।

63. जब वाक्य लिखते समय कोई ऐसा पद जो उस वाक्य में आना आवश्यक है, लेकिन लिखने से छूट जाए तो उसे लिखने के लिए किस चिह्न का प्रयोग करते हैं ?
(a) लाघव-चिह्न (b) योजक-चिह्न (c) हंसपद-चिह्न (d) कोष्ठक-चिह्न

64. 'द्वन्द्व समास' के पदों के बीच प्रायः इनमें से किस विराम-चिह्न का प्रयोग होता है ?
(a) - (b) : (c) ! (d) –

65. दो से अधिक समान स्तरीय पदों में अलगाव दिखाने के लिए इनमें से किस विराम-चिह्न का प्रयोग होता है ?
(a) पूर्ण-विराम (b) अल्प-विराम (c) उप-विराम (d) कोष्ठक

66. इनमें से 'विवरण चिह्न' है :
(a) ; (b) :- (c) , (d) ?

67. अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है
(a) अध्यात्मिक (b) स्वादिष्ठ (c) जटायु (d) कलियुग

68. 'जो कमाएगा, वही खाएगा' वाक्य में इनमें से सर्वनाम का कौन सा भेद प्रयुक्त हुआ है ?
(a) निश्चयवाचक सर्वनाम
(b) संबंधवाचक सर्वनाम
(c) निजवाचक सर्वनाम
(d) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

69. 'मानस' शब्द से निर्मित विशेषण है
(a) मानसिक (b) मानस्वी (c) मनसत्व (d) मनस्ताप

70. निम्नलिखित में से किस वाक्य में सार्वनामिक विशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है ?
(a) यह आदमी विश्वासी है ।
(b) आप आजकल कहाँ रहती हैं ?
(c) वह घर इसी शहर में है ।
(d) कोई नौकर पत्र लेकर आया था ।

71. निम्नलिखित में से जातिवाचक संज्ञा शब्द है :
(a) यमुना (b) चाँदी (c) गाय (d) झुण्ड

72. 'राम का कोट काला है ।' – इस वाक्य में 'काला' शब्द है :
(a) सार्वनामिक विशेषण
(b) अन्तर्विशेषण
(c) विशेष्य-विशेषण
(d) विधेय-विशेषण

73. 'राम बहुत तेज विद्यार्थी है ।' – इस वाक्य में प्रविशेषण है :
(a) बहुत (b) तेज (c) बहुत तेज (d) तेज विद्यार्थी

74. निम्नलिखित में किस वाक्य में क्रिया का अकर्मक रूप में प्रयोग हुआ है ?
(a) नौकर पानी भरता है ।
(b) रस्सी ऐंठती है ।
(c) वह पुस्तक पढ़ रहा है ।
(d) वह फुटबॉल खेल रहा है ।

75. 'पानी' शब्द इनमें से किस संज्ञा का उदाहरण है ?
(a) व्यक्तिवाचक (b) द्रव्यवाचक (c) भाववाचक (d) समूहवाचक

76. कर्म-कारक का विभक्ति चिह्न है
(a) 'के' (b) 'को' (c) 'से' (d) 'में'

77. इनमें से किस शब्द का प्रयोग हमेशा एकवचन में होता है ?
(a) होंठ (b) केश (c) दाम (d) सोना

78. 'अमेरिका ने तालिबान का विरोध किया होगा ।' – इस वाक्य में भूतकाल का कौन सा उपभेद है ?
(a) संदिग्ध भूत (b) अपूर्ण भूत (c) पूर्ण भूत (d) हेतुहेतुमद् भूत

79. निम्नलिखित में पुल्लिंग शब्द है :
(a) चन्द्रमा (b) गंगा (c) गोदावरी (d) सरस्वती

80. 'वह चोर से डरता है ।' – इस वाक्य में कौन सा कारक है ?
(a) कर्ताकारक (b) कर्मकारक (c) करणकारक (d) अपादानकारक

81. निम्नलिखित में से 'गुणवाचक विशेषण' से युक्त पद है :
(a) ढाई आखर (b) दूना बोझ (c) बलवान शरीर (d) कोई लड़का

82. किस वाक्य से वर्तमान काल का बोध होता है ?
(a) दिन-रात परिश्रम करने वाला छात्र ही परीक्षा में उत्तीर्ण होता है ।
(b) सुरेश ने रमेश के साथ विश्वासघात किया ।
(c) अमेरिका ने नागासाकी पर परमाणु बम गिराया ।
(d) भारत उस घटना को भूल चुका है ।

83. शब्दों का संक्षिप्त रूप लिखने के लिए प्रयुक्त होने वाला चिह्न इनमें से क्या कहलाता है ?
(a) कोष्ठक (b) उद्धरण-चिह्न (c) लाघव-चिह्न (d) उप-विराम

**84.** इनमें से 'व' वर्ण नहीं है :

(a) अन्तस्थ (b) दन्त-ओष्ठ (c) संघर्षी (d) अर्द्ध स्वर

**85.** इनमें से संयुक्त स्वर कौन सा है ?

(a) इ (b) ई (c) उ (d) ओ

**86.** इनमें से महाप्राण ध्वनि है :

(a) च (b) त (c) छ (d) ब

**87.** निम्नलिखित में से कौन सी ध्वनि 'कंठ्य' नहीं है ?

(a) इ (b) अ (c) क (d) ह

**88.** इनमें से लुंठित व्यंजन कौन सा है ?

(a) र (b) ल (c) व (d) श

**89.** इनमें से कौन सा व्यंजन महाप्राण है ?

(a) क (b) भ (c) ड (d) व

**90.** इनमें से असत्य कथन है :

(a) अनुस्वार पृथक् ध्वनि है । (b) अनुस्वार का उच्चारण गुरु होता है ।

(c) अनुनासिक पृथक् ध्वनि है । (d) अनुनासिक का उच्चारण गुरु होता है ।

**91.** इनमें से अघोष वर्ण है :

(a) द (b) थ (c) ब (d) ग

**92.** इनमें से किसका उच्चारण-स्थल 'कंठोष्ठ' है ?

(a) फ (b) औ (c) ह (d) ए

**93.** इनमें से 'महाप्राण' व्यञ्जन नहीं है :

(a) ख (b) थ (c) ध (d) म

**94.** इनमें से 'अल्पप्राण' व्यञ्जन नहीं है :

(a) क (b) ग (c) घ (d) च

**95.** इनमें से ओठों के स्पर्श से बोले जाने वाले वर्ण हैं :

(a) ल, स, तवर्ग (b) उ, ऊ, पवर्ग (c) अ, आ, कवर्ग (d) इ, ई, चवर्ग

**96.** निम्नलिखित में से दंत्य ध्वनि है :

(a) क (b) च (c) ट (d) त

**97.** इनमें से मूल स्वर नहीं है :

(a) इ (b) उ (c) ए (d) ऋ

**98.** इनमें से 'तद्भव' शब्द कौन सा है ?

(a) अवध (b) कटु (c) ऊन (d) कर्म

**99.** इनमें से 'संकर' शब्द नहीं है :

(a) टेलीफोन (b) बेघर (c) खेल-तमाशा (d) लाठीचार्ज

**100.** स्वर-रहित अथवा स्वर-सहित व्यंजन को कहते हैं

(a) ध्वनि (b) पद (c) वर्ण (d) शब्द

---

## रफ कार्य के लिए जगह